यूपी के माहौल का लाभ उठाने को तत्पर : धीरज हिंदुजा

दक्षिण से निकलकर पहली बार यूपी आया अशोक लीलैंड

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में निवेश को लेकर अशोक लीलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि कंपनी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर यूपी के माहौल का लाभ उठाने को तत्पर हैं। उन्होंने बताया कि हमने पहली बार इसी साल 10 अगस्त को यूपी में निवेश के लिए बातचीत की थी और आज 15 सितंबर है। महज 36 दिन के भीतर सब कुछ तय हो गया। इसी तरह काम हो तो उद्योग जगत का परिदृश्य ही बदल जाएगा।

आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह कंपनी अभी तक दक्षिण में ही थी। पहली बार वहां से बाहर निकल यूपी में आई है। समूह पहले चरण में 200 से 500 करोड़ और दूसरे चरण में 1000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। प्रदेश की नई इकाई 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के एकीकृत वाणिज्यिक वाहन बस संयंत्र स्थापित होगा। डीजल बसों व वाणिज्यिक वाहनों के पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक और अन्य वैकल्पिक ईंधन में बदला जाएगा।

सीएम योगी ने अशोक लीलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा को ओडीओपी किट भेंट की। स्रोत : सूचना विभाग